संख्या-449/2020/2286/22-2-2019-17(970)/2019

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 **लखनऊ दिनांक 16 अक्टूबर, 2020**

विषय:-केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामपाल पुत्र श्री सुन्दर, निवासी जनपद-शाहजहांपुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-24539/प्रोवेशन-3/फार्म-ए(एम-02-07-2019) दिनांक-08-08-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामपाल पुत्र श्री सुन्दर, कजरी नूरपुर, थाना-निगोही, जनपद-शाहजहांपुर, वर्तमान निवासी डल्लिया, थाना-सिंधौली, जनपद-शाहजहांपुर का रहने वाला है। बंदी ने आबकारी विभाग में कच्ची शराब बेचने की शिकायत करने की रंजिश में दिनांक 24.09.2003 को समय लगभग 03:45 बजे 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर पदम नामक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा रविन्द सिंह, रामवीर, हाकिम सिंह को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-264/2004 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 148 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-27, शाहजहांपुर के आदेश दिनांक 20.09.2011 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 12.05.2019 तक 15 वर्ष 07 माह 02 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 01 माह 19 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति ने बन्दी द्वारा भविष्य में पुन: अपराध किये जाने से इनकार नहीं किये जा सकने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, अपराध करने में अशक्त नहीं होने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बंदी ने आबकारी विभाग में कच्ची शराब बेचने की शिकायत करने की रंजिश में दिनांक 24.09.2003 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर पदम नामक व्यक्ति की हत्या करने तथा 03 अन्य लोगों को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी रामपाल पुत्र श्री सुन्दर को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि रामपाल (बन्दी संख्या-47321) पुत्र श्री सुन्दर, निवासी जनपद-शाहजहांपुर को फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-449/2020/2286(1)/22-2-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद शाहजहांपुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-449/2020/2286/22-2-2019-17(970)/2019

दिनांक 16 अक्टूबर, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामपाल (बन्दी संख्या-47321) पुत्र श्री सुन्दर, कजरी नूरपुर, थाना-निगोही, जनपद-शाहजहांपुर, वर्तमान निवासी डल्लिया, थाना-सिंधौली, जनपद-शाहजहांपुर का रहने वाला है। बंदी ने आबकारी विभाग में कच्ची शराब बेचने की शिकायत करने की रंजिश में दिनांक 24.09.2003 को समय लगभग 03:45 बजे 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर पदम नामक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा रविन्द सिंह, रामवीर, हाकिम सिंह को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-264/2004 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 148 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-27, शाहजहांपुर के आदेश दिनांक 20.09.2011 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 12.05.2019 तक 15 वर्ष 07 माह **02** दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 01 माह 19 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति ने बन्दी द्वारा भविष्य में पुन: अपराध किये जाने से इनकार नहीं किये जा सकने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, अपराध करने में अशक्त नहीं होने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बंदी ने आबकारी विभाग में कच्ची शराब बेचने की शिकायत करने की रंजिश में दिनांक 24.09.2003 को 06 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर पदम नामक व्यक्ति की हत्या करने तथा 03 अन्य लोगों को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुन: अपराध करने में अशक्त न होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी रामपाल पुत्र श्री सुन्दर को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** कर दी गयी है।

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।